हमारा महानगर

छात्रवृत्ति की घोषणा

मुंबई। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने हॉस्पिटैलिटी और होटल एडमिनिस्ट्रेशन में तीन वर्षीय बीएससी कर रहें इच्छुक छात्रों के लिए एफएचआरएआई इंस्टिट्यूट ऑफ़ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट में छात्रवृत्ति शुरू करने की घोषणा की है। योजना एफएचआरएआई उनकी क्षेत्रीय एसोसिएशन होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया (एचआरएडब्ल्यूआई) के साथ मिलकर चलाया जाएगा। एफएचआरएआई, आईएचएम हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री द्वारा संचालित निजी संस्था है जो नेशनल कौंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय से संबद्ध है।

एफएचआरएआई और एचआरएडब्ल्यूआई के कर्मचारियों के बच्चों को प्रवेश, नामांकन, ट्यूशन और परीक्षा शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। हॉस्पिटैलिटी संरक्षक या कर्मचारियों के बच्चों को 20 प्रतिशत छूट दी जाएगी।